'हाथ से हाथ को जोड़कर चलेंगे तो कांग्रेस को कोई नहीं रोक सकता'

किशनगढ़ बास, (निसं)। उद्योग मंत्री शकुंतला रावत किशनगढ़ बास में कांग्रेस की ओर से शुरू किए गए हाथ से हाथ जोड़ो कार्यक्रम में विधायक दीपचंद खैरिया के कार्यालय पर पहुंची जहां कार्यकर्ताओं ने मंत्री का स्वागत किया।

विधायक के निजी मीडिया प्रभारी सुनील कांत गोल्डी ने बताया बुधवार को विधायक दीपचंद खेरिया कार्यालय पर आयोजित कांग्रेस की ओर से शुरू किए गए हाथ से हाथ जोड़ो कार्यक्रम में उद्योग मंत्री शकुंतला रावत के पहुंचने पर कार्यकर्ताओं की ओर से स्वागत किया गया।

इस अवसर पर मंत्री शकुंतला रावत ने कहा कार्यकर्ता एक दूसरे का हाथ पकड़कर चलेंगे तो पार्टी मजबूत होगी और पार्टी मजबूत होगी तो राजस्थान में फिर से कांग्रेस की सरकार बनाने से हमें कोई नहीं रोक पाएगा। विधायक दीपचंद खेरिया ने कहा 4 साल में हर मुश्किलों का सामना करते हुए सीएम अशोक गहलोत और राजस्थान सरकार ने विकास में कोई कसर नहीं छोड़ी है।

किशनगढ़ बास में विधायक दीपचंद खेरिया के कार्यालय पर आयोजित हाथ से हाथ जोड़ो कार्यक्रम में उद्योग मंत्री शकुंतला रावत (बीच में) ने कार्यकर्ताओं को एकता का संदेश दिया।

किशनगढ़ बास में कृषि कॉलेज बालिका महाविद्यालय खैरथल में सेटेलाइट हॉस्पिटल महाविद्यालय कोटकासिम में नगर पालिका उप तहसील जैसी अनेक सौगातें क्षेत्र को कांग्रेस ने दीं हैं।

इस मौके पर हरसोली मंडल अध्यक्ष दीपक चौधरी, माचा मंडल अध्यक्ष दशरथ सिंह राठौड, रणसिंह नेहरा, अशोक कुमार योगी, शैतान सिंह, संजय यादव, हवा सिंह, इस्लाम खान, रमेश चंद, सतवीर योगी, सरजीत सिंह, सतीश आर्य, खेमचंद, महावीर शर्मा, गिर्राज, रवि शर्मा, छितर सैनी, निज्जु खान,सूरजभान पतलिया सरपंच, हरि सिंह मेघवाल, महेंद्र सिंह, लालाराम, रूप सिंह राठौड, महेंद्र पीटीआई, मोहनलाल, मेघवाल मुबीन खान सहित सैकड़ों कांग्रेसी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

विश्वकर्मा योजना में लखेरा जाति को शामिल करने की मांग

देवली, (निसं)। लखेरा समाज के लोगों ने प्रधानमंत्री एवं राजस्थान मुख्यमंत्री के नाम नायब तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा।

■ केंद्र सरकार और राज्य सरकार के नाम ज्ञापन सौंपा

स्थानीय लखारा समाज के लोगों ने ज्ञापन में बताया कि केन्द्र सरकार की पिछड़ी जाति को आर्थिक सम्बल प्रदान किये जाने वाली विश्वकर्मा योजना में लक्षकार लखेरा जाति को शामिल किये जाने की मांग रखी गई है। लखारा समाज के प्रमुख व्यक्तियों ने उपखंड अधिकारी के माध्यम से प्रेषित ज्ञापन मे बताया की हाल ही मे केन्द्र सरकार ने 145 जातियों को विश्वकर्मा योजना मे सम्मिलित किया गया जिसमें लखेरा, लक्षकार, लखारा, लेहरी जाति का नाम नहीं है।

भारत वर्ष में लखेरा, लक्षकार, लखारा, लेहरी के नाम से जानी जाने वाली जाति पूरे देश में निवास करती है और पिछड़ी जाति है जिसका पुस्तेनी कार्य लाख के चूड़े एव खिलौने आदि का अपने हाथो (शिल्पकार की भांति) से निर्माण कर घर-घर गांव गांव ढाणी पहरी लगाकर बेचने का व्यवसाय धंधा करते है। केवल मात्र यह ही जीविका का साधन है और यह धंधा करीब समाप्ती की ओर है सामाजिक आर्थिक स्थिति दयनीय है सरकार द्वारा सम्बल दिया जाना अति आवश्यक है।

अत: उपरोक्त समस्त बातों को ध्यान में रखते हुए हिन्दू लखेरा, लक्ष्कार, लखेरा, लेहरी जाति को विश्व कर्मा योजना में जोड़े जाने की मांग की है । ज्ञापन के दौरान पार्षद लोकेश लक्षकार, राजकुमार लक्षकार, गोपाल लाल, प्यारचन्द, गिरिराज बागडी, राजकुमार, मनोज, दिलीप, मनीष, रजनीश, कुशल चन्द, सत्यनारायण, शंकरलाल सहित अन्य सदस्य मौजूद थे।

महात्मा गांधी इंटरनेशनल स्कूल में विदाई समारोह

श्रीमाधोपुर, (निसं)। महात्मा गांधी इंटरनेशनल सीबीएसई स्कूल में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। को-ऑर्डिनेटर अक्षय सैनी ने बताया कि जूनियर विद्यार्थियों द्वारा बारहवीं कक्षा के विद्यार्थियों को विदाई दी गई।

कार्यक्रम संयोजक अशोक गहलोत ने बताया कि कार्यक्रम में निदेशक मोहर सिंह खर्रा, प्राचार्या कंवलजीत कौर, कॉलेज प्राचार्य डॉ वी.के.सैनी ने माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में मिस फेयरवेल कुमारी याशिका जांगीड (कला संकाय) एवं मिस्टर फेयरवेल मुनेश यादव (वाणिज्य संकाय) को चुना गया। छात्र-छात्राओं द्वारा विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन किया गया जिसमे वेस्टर्न डांस, आधुनिक नृत्य, लोक नृत्य घूमर एवं गरबा का भी आयोजन किया गया। गणेश वंदना सोनल द्वारा प्रस्तुत की गई, वही ठुमकेश्वरी गाने पर याशिका और

समारोह में छात्राओं ने सांस्कृतिक प्रस्तुति दी।

मुस्कान द्वारा वाही वाही लूटी, मल्हारी सॉन्ग पर लक्ष्य एंड ग्रुप द्वारा शानदार प्रस्तुति दी गई, वहीँ मनीषा और खुशी ने गजबन सॉन्ग पर प्रस्तुति दी व राजस्थानी पैरोडी पर नीरू कलवानिया के द्वारा शानदार प्रस्तुति प्रस्तुत की गई।

दादरहेड़ा के क्रम्मोनत विद्यालय का उद्घाटन

खैरथल, (निसं)। राजस्थान किसान आयोग के उपाध्यक्ष एवं विधायक दीपचंद खैरिया ने कहा कि विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ ही संस्कारवान बनाना जरूरी है। वे बुधवार को क्रम्मोनत राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, दादरेहड़ा के उद्घाटन एवं वार्षिकोत्सव में बतौर मुख्य अतिथि के संबोधित करते हुए बोल रहे थे।

समारोह में जिला प्रमुख बलवीर सिंह छिल्लर, किशनगढ़बास पंचायत समिति के प्रधान बीपी सुमन ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में में बच्चों द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी। जिसमें राजस्थानी प्रस्तुति आकर्षण का केंद्र रही।

सरपंच सीमा देवी को जिला प्रमुख, विधायक व प्रधान द्वारा श्रेष्ठ कार्य के लिए प्रशस्ति पत्र दिया गया। इस अवसर पर विकास अधिकारी राजकुमार, राजेन्द्र रसगोन, पार्षद रामचन्द्र कामरेड, पूर्व एडीडीओ जसवन्त सिंह आर्य, सीमा देवी सरपंच, अशोक कुमार प्रतिनिध सरपंच विशिष्ट अतिथि रहे।

सड़क दुर्घटनाओं में चार जने घायल

निवाई, (निसं)। बुधवार को एनबीसी फैक्ट्री गुंसी के पास हुई दो सड़क दुर्घटना में 4 लोग घायल हो गए।

सभी घायलों को दो 108 एंबुलेंस की सहायता से राजकीय सामुदायिक चिकित्सालय निवाई में भर्ती करवाया गया है। सदर थानाधिकारी नरेश कवर ने बताया कि लुहारा निवासी बाबू लाल बैरवा अपने चाचा माधोलाल बैरवा पुत्र भूरालाल के साथ निवाई में अपनी दो बेटियों की शादी के सामान की खरीददारी करने आया था। सामान को टेंपो से रवाना कर स्वयं अपनी बाइक से टेंपो के पीछे पीछे चल रहा था। इसी दौरान एनबीसी फैक्ट्री गुंसी के पास टेंपो के एक डिजायर कार ने पीछे से टक्कर मार दी। इस टक्कर से टेंपो असंतुलित होकर सड़क किनारे करीब 10 फीट गहरी खाई में जाकर पलट गया । टेंपो के पलटने से उसमें सवार टेंपो चालक एवं माधोलाल बैरवा पुत्र भूरा लाल उम्र करीब गंभीर घायल हो गए। इसी प्रकार बालचंद सैनी पुत्र गोपाल सैनी एवं सीताराम सैनी पुत्र श्योप्रताप सैनी निवासी गुंसी मोटरसाइकिल से मूण्डिया गांव में स्थित सहकारी समिति में लोन के काम से जा रहे थे। इसी दौरान एनबीसी फैक्ट्री के पास एक पेट्रोल पंप के नजदीक एक ट्रेलर ने उनकी बाइक के पीछे से टक्कर मार दी। इस टक्कर से दोनों गंभीर घायल हो गए।

बिसलपुर बांध से एक मछुआरे का शव बरामद

देवली, (निसं)। 31 जनवरी की शाम को मछली पकड़ने के काम में आने वाली किश्ती समेत लापता हुए तीन मछुआरों में से बुधवार को दोपहर एक मछुआरे का शव नदी में तैरता मिल गया है। पुलिस ने बीसलपुर बांध के क्षेत्र उसे बरामद कर लिया है।

■ 8 दिन पहले तीन मछुआरे लापता हुए थे

मामला यह है कि 31 जनवरी की शाम करीब 4 बजे रसूलपुर जिला समस्तीपुर बिहार निवासी पप्पू साहनी(35), विनोद साहनी(40), सीताराम साहनी बीसलपुर डेम के बाएं छोर पर बने मछली लैंडिंग सेंटर से अपने टापू पर बने कैम्प के लिए हस्तचलित किश्ती से रवाना हुए थे लेकिन बाद में उनकी किश्ती और तीनों जने लापता हो गए। बाद में परिजनों ने खूब खोजबीन की लेकिन जब उनका कोई पता नही चला तो 4 जनवरी को देवली पुलिस थाने में उनकी गुमशुदगी दर्ज कराई।

लापता होने के बाद पुलिस, आपदा प्रबंधन टीम व आरडीएफ की टीमों ने तीन- चार दिनों से खोजबीन के लिए अभियान चलाया लेकिन एक जने की जर्किन व चप्पू के अतिरिक्त कुछ नही मिला। बुधवार दोपहर उक्त मछुआरों में से पप्पू साहनी का शव तैरता मिला। बाद में पुलिस ने शव बरामद कर लिया जबकि दो अन्य मछुआरों की तलाश में तेजी खोज से शुरू कर दी है।

जिला अस्पताल के लिए 9.15 करोड़ रुपये का अतिरिक्त बजट स्वीकृत

लालसोट, (निसं)। उपखंड मुख्यालय पर चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री परसादी लाल मीणा के प्रयासों से सरकार ने लालसोट जिला अस्पताल में विभिन्न निर्माण कार्यों के लिए 915 लाख रुपए स्वीकृत किए हैं।

चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री मीणा ने बताया कि लालसोट में बन रहे जिला अस्पताल में चिकित्सकों नर्सिंग स्टाफ एवं अन्य कार्मिकों के आवास निर्माण एवं अस्पताल के लिए आवश्यक अन्य निर्माणों के लिए यह राशी स्वीकृत की गयी है। उन्होंने कहा कि जिला अस्पताल का निर्माण कार्य युद्धस्तर पर जारी है जिसे जल्द ही पूर्ण करवा दिया जायेगा।

लालसोट में ज़िला अस्पताल बनने से लालसोट सहित आसपास के अन्य ज़िलो के लोगो को बेहतरीन चिकित्सा सुविधा उपलब्ध होगी।

ग़ौरतलब है कि लगभग सौ करोड़ रुपए से ज्यादा की लागत से लालसोट में आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं से युक्त जिला अस्पताल का निर्माण करवाया जा रहा है।

मंत्री जूली ने विकास कार्यों का शिलान्यास व उद्घाटन किया

अलवर, (निसं)। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री टीकाराम जूली ने बुधवार को अलवर ग्रामीण क्षेत्र के मालाखेडा ब्लॉक में 272.79 लाख रूपये की लागत राशि से बनने वाली सड़कों एवं विकास कार्य का शिलान्यास व उद्घाटन किया।

मंत्री जूली ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य सरकार द्वारा प्रदेश में बडी संख्या में सडक निर्माण के कार्य किए जा रहे हैं। इन सड़कों के निर्माण होने से क्षेत्र में आवागमन के साथ-साथ विकास को बढ़ावा मिलेगा।

मंत्री जूली ने उपखण्ड मालाखेडा के खेडली पिचनौत से मेदीबास तक 52.80 लाख रूपये की लागत से बनने वाली 1.60 किमी की सडक, खेडली पिचनौत सडक से दुल्ली भाल्यावास तक 39.70 लाख रूपये

मंत्री टीकाराम जूली (बीच में) ने मालाखेड़ा ब्लॉक में सड़कों एवं विकास कार्यों का शिलान्यास व उद्घाटन किया।

की लागत से बनने वाली 1.20 किमी सडक, खेडली पिचनौत सडक से पीलारामा तक 43.50 लाख रूपये की लागत से 1.30 किमी सडक, गोपीसिद्ध सडक से नाहर शक्ति तक 42.90 लाख रूपये की लागत से 1.30 किमी सडक, खारेडा से खेडली पिचनौत तक 49.80 लाख रूपये की लागत से 1.5० किमी तक की डामर सडकों का शिलान्यास किया तथा खेडल पिचनौत में 44 लाख रूपये की लागत से मिनी सचिवालय, खारा कुआं से कैलाश बैरवा के घर तक 3 लाख रूपये की लागत से बनी इंटरलॉकिंग सडक एवं भण्डोडी मुख्य सडक से कॉपरेटिव गोदाम तक बनी इंटरलॉकिंग सडक का उद्घाटन किया तथा रा.उ.मा.विद्यालय खेडली पिचनौत के नवक्रमोन्नत स्कूल का 10 वीं कक्षा के टॉपर विद्यार्थी से उद्घाटन कराया व प्रतिभावान विद्यार्थियों की हौंसला अफजाई कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी नगरीय क्षेत्र (न.पा.) रींगस, जिला-सीकर (राज.)
क्रमांक-का.प्रा.अधि.न.क्षे.(न.पा.)रींगस/2022-23/4371 दिनांक-08.02.2023

प्रारूप-10 (नियम 6 (7) देखिए) **कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी नगरपालिका रींगस**

लोक सूचना निम्न खातेदारों ने इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का गैर-कृषिक प्रयोजन (आवासीय प्रयोजन) के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात-

क्र. सं.	आवेदक का नाम व पता	जिले सहित तहसील का नाम	ग्राम का नाम	खसरा सं.	क्षेत्र
1	श्रीमति जयन्ता पत्नि श्री सुभाष चन्द्र ढाका निवासी-वार्ड नं.02 ग्राम-बाजोर, जिला-सीकर	जिला सीकर तहसील रींगस	राजस्व ग्राम-रींगस	1667	2567.38 वर्गमीटर एवं आवासीय प्रयोजन

इसलिए इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम, 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजन के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान की और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप हैं तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षर के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा। उपर्यक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं हैं और तदनुसार मामले का निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज दिनाक 8/2/23 को जारी की जाती है। (सीताराम कुमावत) प्राधिकृत अधिकारी, नगरीय क्षेत्र (न.पा.) रींगस

कार्यालय नगर पालिका मण्डल, सांभर लेक जिला जयपुर (राज.)
E-mail-sambharnagarpallka@ gmail.com Phone-01425-228245

विज्ञापन का प्रारूप
नगरीय निकाय नाम

क्रमांक-7028 दिनांक-8-2-2023

विज्ञप्ति/सूचना

निम्न आवेदनकर्ताओं ने व सूची कॉलोनी/मौहल्ला में अपनी सम्पत्ति के पट्टे/अन्य कार्य के लिए आवेदन किया है। संबंधित आवेदन की विस्तृत जानकारी (नगरीय विकास का नाम) नगरपालिका मण्डल सांभर लेक व वेबसाइट nagar-palika-sambhar-author तथा nagar-palika-sambhar-approver एवं स्वायत शासन विभाग की वेबसाइट http://lsg.urban.rajasthan.gov.in तथा https://Sharhar2021.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है। अपना दावा/आपत्ति (नगरीय निकाय का नाम) 07 दिवस में प्रस्तुत करें।

अधिशाषी अधिकारी
नगरपालिका मण्डल, सांभर लेक

कार्यालय नगरपालिका मण्डल सांभर लेक, जिला-जयपुर
क्रमांक/न.पा.सां./2023/7017 दिनांक-7-2-2023

आपत्ति/उज्रदारी सूचना

प्रशासन शहरों के संग अभियान के अन्तर्गत योजना रूपविहार कॉलोनी खसरा नं. 2364/577 व 2407/577 कुल रकबा 02 बीघा 05 बिसवा भूमि में से इन्फोरमल दुकान संख्या 01 से 06 के स्थान पर आवासीय भूखण्ड 202 वर्गगज परिवर्तित करवाना चाहता है जिसकी संख्या 39 बी रहेगी। इस संबंध में किसी भी व्यक्ति/कॉलोनी वासी को आपत्ति हो तो 07 दिवस में अधोहस्ताक्षरकर्त्ता को सूचित करें।

अधिशासी अधिकारी
नगरपालिका सांभर लेक

कार्यालय पंचायत समिति गोविन्दगढ़, जयपुर
Email ID:bdo.jai.gov.@gmail.com Phone No.01423-230025
क्रमांक-पंसगो/लेखा/ई-निविदा/2023/10 दिनांक-7-2-2023

ई-निविदा सूचना संख्या 6-7/2022-23

पंचायत समिति गोविन्दगढ़ एवं अधीनस्थ ग्राम पंचायतों में वित्तीय वर्ष 2022-23 में विधायक क्षेत्रीय विकास मद एवं SFCVI,FFC15th में स्वीकृत कार्यों/संकर्म राजस्थान लोक उपापन पारदर्शिता नियम 2013 एवं राजस्थान पंचायती राज नियम 1996 के नियम 181 (2) के अनुसार करवाने हेतु सक्षम श्रेणी में पंजीकृत प्रतिष्ठानों/संवेदकों से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्यूरमेन्ट प्रक्रिया से सात कार्यों हेतु ऑनलाइन निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा से सम्बन्धित विस्तृत विवरण eproc.rajasthan.gov.in व sppp.rajasthan.gov.in से upload/download की व देखी जा सकती है।

UBN No-PFA2223WSOB00493 TO PFA2223WSOB00502 (ONLINE)
NIB No-PFA2223A0529 TO PFA2223 WSOB0538 (ONLINE)
UBN No-PFA2223WSOB00492 (OFFLINE)
NIB No-PFA2223A0528 (OFFLINE)

विकास अधिकारी
पंचायत समिति गोविन्दगढ़, जयपुर

उत्तर पश्चिम रेलवे G20 सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा सूचना भण्डार विभाग ई-प्रोक्यारेमेंट के द्वारा

निविदा सूचना संख्या : एस/2023/05 दिनांक : 07.02.2023

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबन्धक, तृतीय तल, उ.प. रेलवे प्रधान कार्यालय, जवाहर सर्किल के पास, मालवीय नगर जयपुर-302017. निम्नलिखित मदों हेतु मोहरबंद खुली ई-निविदायें www.ireps.gov.in में सभी खुली ई-निविदायें 14.25 बजे बंद कर दी जायेंगी।

क्र. सं	निविदा सं.	अल्प विवरण	मात्रा	यूनिट	खुलने की तिथि
1	81231054ए	फ़्लॉग सिगनल (डेटोनेटर) डी आर जी.	66345	नग	27-02-2023
2	40221438	फोर वी डीप ग्रूव एक्सल पुल्ले असेंबली	179	नग	28-02-2023
3	63STRENGOL07	रनिंग कॉन्ट्रैक्ट फॉर मेनूफैक्चर सप्लाई ऑफ़ वेरियस टाइप सी एम एस क्रासिंग	631	सेट	28-02-2023
4	30230369	इमरजेंसी ब्रेक एक्सेलरेटर	40	नग	28-02-2023
5	60225045बी	डिज़ाइन, सप्लाई, इंस्टालेशन, टेस्टिंग और कमीशनिंग	02	नग	01-03-2023
6	63STRENNS08	रनिंग कॉन्ट्रैक्ट फॉर मैनूफैक्चर एंड सप्लाई ऑफ़ ऑर्डिनरी रेल स्विचेस	365	सेट	02-03-2023
7	63STRENGOL06	रनिंग कॉन्ट्रैक्ट फॉर मेनूफैक्चर एंड सप्लाई ऑफ़ वेरियस टाइप जी.आर.एस.पी.	2076 105000	सेट नग	06-03-2023
8	40231776	एसएमएफ बैटेरी कैपेसिटी 12वी/7एएच	3059	नग	28-03-2023

संशोधन

क्र. सं	निविदा सं. एवं दिनांक	निविदा सूचना संख्या	अल्प विवरण	एक्जिस्टिंग डेट	रिवाइज्ड डेट
1.	30223120ए	एस/2023/03 दिनांक 25-01-2023	ओवर हॉलिंग किट एंड अदर आइटम्स	06-02-2023	13-02-2023
2	30222197सी	S/2023/02 दिनांक 20-01-2023	बॉल जॉइंट रोल लिंक टू फ्लैट	14-02-2023	21-02-2023

(1) इच्छुक निविदाकर्ता हमारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर सामग्री का पूरा विवरण/स्पेसिफिकेशन/ बयाना राशि/निविदा फार्म का मूल्य और अन्य जानकारी देख सकते है। सभी निविदाकर्ताओं से निवेदन है कि अपने डिजिटल हस्ताक्षर प्राप्त करें तथा अपनी फर्म को उक्त साइट पर रजिस्ट्रर्ड करें। (2) 25 लाख से नीचे के विज्ञापित निविदा, सीमित निविदा, विशेष सीमित निविदा एवं कम मूल्य की निविदा में भाग लेने के लिए हमारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर जायें।

135-DP/23

हमें /NWRailways NWRailways_पर फॉलो करें

कार्यालय नगर पालिका लालसोट (दौसा)
Email ID-lalsot.jaipur@yahoo.com Ph.-01431-260714
क्रमांक-न.पा.ला./कृ.भू.रू./2023/ दिनांक-.....

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है नगर पालिका में निम्न आवेदकों द्वारा कृषि भूमि में पट्टा पत्रावली प्रस्तुत की है यदि उक्त आवेदन पर किसी आम व खास को कोई उज्र/आपत्ति हो तो पालिका में सात दिवस में आपत्ति प्रस्तुत करें बाद मियाद गुजरने पर किसी भी उज्र/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

क्र.सं.	आवेदक का नाम व पता	खसरा नं. कस्बा व कॉलोनी नाम	वर्गगज	प्रयोजन
1	सुरेश चंद पुत्र बद्री लाल मीना बिलोना कलां	21/8 माधव नगर सीतारामपुरा चक नंबर 3	150	आवासीय
2	बर्फी देवी पत्नी कमलेश कुमार सैनी पट्टा कलां	239/5 आश्रम नगर ए नगरियावास	152.08	आवासीय
3	रामविलास शर्मा पुत्र चिरंजी लाल खेमावास	1326 रामेश्वरम कॉलोनी लालसोट	125	आवासीय
4	चमेली देवी पत्नी सत्यनारायण शर्मा, मुकेश कुमार पुत्र जगदीश प्रसाद शर्मा डीडवाना	467 गणपति नगर लालसोट	245.83	आवासीय
5	राजकुमार पुत्र दुर्गालाल खाती दामोदरपुरा	3747/253/2 जमात लालसोट	153.33	आवासीय
6	मनोज देवी पत्नी कमलेश कुमार बोहरा लालसोट	996 नेहरू कॉलोनी लालसोट	113.77	आवासीय
7	हिमांशु गर्ग पुत्र गोपाल लाल गर्ग लालसोट	37/283 सुरक्षित नगर चांदसेन	169.07	आवासीय
8	हिमांशु गर्ग पुत्र गोपाल लाल गर्ग लालसोट	उपरोक्त	101.66	आवासीय
9	रामपुर खटीक पुत्र झूंथालाल खटीक लालसोट	4155/219 तुलसा नगर लालसोट	455.85	आवासीय
10	नानगी देवी पत्नी जगन लाल सुकार	3869/436 जगदंबा कॉलोनी के पास जमात लालसोट	122.22	आवासीय
11	रामकन्या देवी पत्नी सीताराम मीणा बगडी	3891/2031 गंगा युमना कॉलोनी लालसोट	166.66	आवासीय
12	भावना देवी पत्नी हंसराज मीणा काजी कुण्डली	उपरोक्त	166.66	आवासीय
13	हरिशंकर मंगल पुत्र लल्लू प्रसाद मंगल पीपल्दा	1000 नेहरू कॉलोनी लालसोट	266.66	आवासीय
14	जगमोहन मीणा पुत्र हरि भजन मीणा सुंदरी	322/200 ईशाक मोहम्मद कॉलोनी राजोली	144.66	आवासीय

उक्त आपत्ति आज दिनांक 8.2.23 को मेरे हस्ताक्षर से जारी किया।

(रक्षा मिश्रा)
अध्यक्ष
नगर पालिका लालसोट

(सीमा चौधरी)
अधिशाषी अधिकारी
नगर पालिका लालसोट